सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-409**
29/09/2018

मुख्यमंत्री ने नागालैंड के भूस्खलन एवं बाढ़ पीड़ितों को भेजी एक करोड़ रूपये की सहायता राशि, जान–माल की क्षति पर व्यक्त की अपनी गहरी संवेदना

पटना 29 सितम्बर, 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने नागालैंड में हुए भूस्खलन और बाढ़ पीड़ितों के राहत एवं पुनर्वास कार्य के लिये मुख्यमंत्री राहत कोष से एक करोड़ रूपये की सहायता राशि भेजी है।

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने नागालैंड के मुख्यमंत्री श्री नेफ्यू रियो को भेजे गये पत्र में कहा है कि भूस्खलन एवं फ्लैश फ्लड से हताहत लोगों और प्रभावित परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूॅ। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ऐसी प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली क्षति को बेहतर ढ़ंग से महसूस करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरा विश्वास है कि आपके कुशल नेतृत्व एवं निर्देशन में नागालैंड की जनता इस आपदा से हुई क्षति की भरपाई शीघ्र कर पायेगी।

******